ACADEMIC BANK OF CREDITS
Ministry of Education, Govt. of India

G20

छात्र–छात्राओं को ए.बी.सी आई डी. बनाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश

(जिन छात्र–छात्राओं को डिजीलॉकर खाता नहीं बना है :–)

1. ऐसे छात्र–छात्राएं जिनका डिजीलॉकर का खाता नहीं बना है सर्वप्रथम वे छात्र–छात्रा डिजीलॉकर में अपना खाता बनायेंगे।
2. इसके लिए वे अधिकारिक वेबसाईट https://abc.gov.in को ओपन कर My Account बटन को क्लिक कर Student ऑप्शन का चयन करेंगे।
3. उसके पश्चात वे साइन इन बटन के नीचे दिये न्यू यूजर साइन अप (Sign Up) लिंक पर क्लिक करेंगे।
4. उसके पश्चात छात्र–छात्रा अपने आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर को दिये गए टेक्सट बॉक्स में टाइप कर जनरेट ओटीपी बटन पर क्लिक करेंगे। जिसके पश्चात दिये मोबाइल नम्बर पर ओटीपी (वन टाईम पासवर्ड) प्राप्त होगा।
5. निर्धारित टेक्सट बॉक्स में ओटीपी की एंट्री कर वेरीफाई ओटीपी के बटन पर क्लिक करेंगे। उसके पश्चात ही छात्र–छात्रा को आगे की एंट्री जन्म तारीख, लिंग, यूजर्स नेम व पिन की एंट्री करनी होगी।
6. **पिन बनाते समय इस बात का ध्यान रखना होगा कि पिन 6 डिजिट का होना चाहिए, जिसके आपके सदैव संभाल कर रखना होगा।**
7. उसके पश्चात दिये गए चेक बॉक्स को ओके कर वेरीफाय के बटन को क्लिक करेंगे, जिससे छात्र–छात्रा का डिजीलॉकर में पंजीयन हो जाएगा।

(जिन छात्र–छात्राओं को डिजीलॉकर खाता पूर्व से है वे छात्र :–)

8. पुनः ए.बी.सी. के अधिकारिक वेबसाईट https://abc.gov.in को ओपन कर My Account बटन को क्लिक करना है उसके पश्चात Student ऑप्शन का चयन करना है।
9. इसके पश्चात विद्यार्थी अपना डिजी लॉकर की यूजर आई.डी व पिन नम्बर टाईप कर साइन इन (Sign In)पर क्लिक करेंगे।
10. उसके पश्चात उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर जो ओटीपी आयेगा उसे ओटीपी के टेक्सट बॉक्स में टाइप कर सबमिट करेंगे।
11. लॉग इन होने के पश्चात सर्च डाक्युमेंट बटन पर क्लिक करेंगे।
12. उसके पश्चात एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की बटन पर क्लिक करेंगे।
13. ए.बी.सी. आई.डी. कार्ड पर क्लिक करेंगे।
14. उसके पश्चात अपने नाम (आधार कार्ड के अनुसार), जन्म तारीख, आदि की एंट्री कर, चेक बॉक्स को क्लिक कर, गेट डॉक्युमेंट बटन पर क्लिक करेंगे।
15. जिसके पश्चात आपका ए.बी.सी. आई. कार्ड बन जायेगा, जिसको छात्र–छात्रा डाऊनलोड कर लेंगे एवं भविष्य के लिए अपने पास संभालकर सुरक्षित रखेंगे।

आदेशानुसार

Scanned with CamScanner